California
Secretary of State

2 जून, 2026 के प्राथमिक चुनाव के लिए त्वरित तथ्य

महत्वपूर्ण अंतिम तारीखें:

काउंटियों के लिए मतपत्र डाक से भेजना शुरू करने का आखिरी दिन................4 मई
मतदान करने के लिए पंजीकरण करने का अंतिम दिन..................................18 मई
सशर्त मतदाता पंजीकरण...19 मई से 2 जून
सभी मतपत्र वापस भेजे जाने ज़रूरी हैं*..2 जून

*डाक द्वारा वापस भेजे जा रहे सभी मतपत्रों पर 2 जून या इससे पहले की डाक मुहर लगे होना ज़रूरी है और काउंटी चुनाव कार्यालयों को 9 जून से पहले प्राप्त हो जाने ज़रूरी है।

मैं मतदान करने के लिए पंजीकरण कैसे करूँ?

आप ऑनलाइन registertovote.ca.gov पर जाकर मतदान करने के लिए पंजीकरण करें या अपने पंजीकरण को अपडेट करें। अगर आप कागज़ी फॉर्म भरना चाहते हैं, तो मतदाता पंजीकरण आवेदन-पत्र डाक घरों, काउंटी चुनाव कार्यालयों, और पुस्तकालयों में मिल सकते हैं।

अगर मैं मतदाता पंजीकरण समय-सीमा चूक जाऊँ, तो क्या होगा?

अगर आप मतदान करने के लिए पंजीकरण करने की समय सीमा से चूक जाते हैं, तब भी आप सशर्त मतदाता पंजीकरण को पूरा करने के लिए चुनाव के दिन या उससे पहले अपने काउंटी चुनाव कार्यालय, मतदान केंद्र, या मतदान स्थल पर जा सकते हैं (जिसे अक्सर "उसी दिन मतदाता पंजीकरण" के रूप में जाना जाता है)। अधिक जानकारी के लिए अपने काउंटी चुनाव कार्यालय से संपर्क करें या vote.ca.gov पर जाएँ।

अगर मुझे अपनी मतदाता पंजीकरण स्थिति की जांच करने की आवश्यकता है, तो मुझे क्या करना होगा?

अपनी मतदाता पंजीकरण की स्थिति की जांच करने के लिए, आप voterstatus.sos.ca.gov पर "मेरी मतदाता स्थिति" टूल का इस्तेमाल कर सकते हैं।

मुझे अपना मतपत्र कब प्राप्त होगा?

सभी सक्रिय पंजीकृत मतदाताओं को 2 जून, 2026 के प्राथमिक चुनाव के लिए एक मतपत्र डाक द्वारा भेजा जाएगा। काउंटियों के लिए मतपत्र भेजना शुरू करने का आखिरी दिन 4 मई, 2026 है।

मुझे अपनी राज्य की मतदाता सूचना गाइड कब प्राप्त होगी?

पंजीकृत मतदाता, चुनाव के दिन से कुछ सप्ताह पहले, अपनी राज्य मतदाता आधिकारिक सूचना गाइड प्राप्त करेंगे। यह ऑनलाइन voterguide.sos.ca.gov पर भी उपलब्ध होगी।

अगर मुझे एक प्रतिस्थापन मतपत्र की आवश्यकता है, तो मुझे क्या करना होगा?

अगर आपको अपना मतपत्र डाक में प्राप्त नहीं हुआ, या आपका मूल मतपत्र खो गया था या नष्ट हो गया था, तो आप एक प्रतिस्थापन मतपत्र के लिए आवेदन कर सकते हैं। प्रतिस्थापन मतपत्र के लिए आवेदन-पत्र यहाँ मिल सकता है https://elections.cdn.sos.ca.gov/vote-by-mail/pdf/replacement-application.pdf.

आप अपनी काउंटी के चुनाव कार्यालय से फ़ोन, ईमेल, फैक्स, या किसी अन्य इलेक्ट्रॉनिक तरीके से प्रतिस्थापन मतपत्र भेजने के लिए भी अनुरोध कर सकते हैं।

मैं अपना मतपत्र कैसे लौटा सकता/सकती हूँ?

आप अपना मतपत्र वापस लौटा सकते हैं:

- **ड्रॉप बॉक्स द्वारा:** आप चुनाव के दिन रात 8:00 बजे तक California में बने किसी भी मतदान स्थल या मतपत्र ड्रॉप-ऑफ़ स्थान पर जाकर अपना मतपत्र व्यक्तिगत रूप से डाल सकते हैं।
- **व्यक्तिगत रूप से:** मतदान स्थल काउंटी चुनाव अधिकारियों द्वारा स्थापित किए जाते हैं और **चुनाव के दिन, 2 जून, 2026 को सुबह 7:00 बजे से रात 8:00 बजे तक खुले रहते हैं**। चुनाव के दिन से पहले मतदान करने के लिए स्थान खोजने के लिए *caearlyvoting.sos.ca.gov* पर जाएँ।
- **डाक द्वारा:** जैसे ही आपको आपका मतपत्र प्राप्त हो, इसे डाक द्वारा लौटाएँ। डाक से भेजे गये मतपत्रों पर चुनाव वाले दिन या उससे पहले की डाक-मुहर लगा होना ज़रूरी है और इनका चुनाव के दिन के बाद 7 दिनों के अंदर-अंदर प्राप्त हो जाना ज़रूरी है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि आपके मतपत्र पर चुनाव के दिन तक की डाक-मुहर लग जाए, कृपया इसे चुनाव के दिन, 2 जून, 2026 से कम से कम पाँच दिन पहले डाक से भेजें। अगर चुनाव के दिन डाक से भेज रहे हैं, तो संयुक्त राज्य अमेरिका के किसी डाकघर के अंदर के किसी डाक कर्मचारी से मैन्युअल डाक-मुहर अवश्य प्राप्त करें।

मैं अपना निकटम ड्रॉप बॉक्स, मतदान स्थल, या मतदान केंद्र कैसे तलाश करूं?

- अपने सबसे निकटम ड्रॉप बॉक्स, मतदान स्थल, या मतदान केंद्र का पता लगाने के लिए, caearlyvoting.sos.ca.gov पर जाएँ।
- अपने काउंटी चुनाव कार्यालय से संपर्क करें।

मैं अपने मतपत्र को कैसे ट्रैक कर सकता/ती हूँ ताकि यह पता लगाया जा सके कि यह प्राप्त हो गया है और गिना गया है?

"*मेरा मतपत्र कहाँ है?*" टूल के लिए साइन-अप करके अपने वापस भेजे गये मतपत्र की स्थिति के बारे में अधिसूचनाएं प्राप्त कर सकते हैं।

टेक्स्ट मैसेज (SMS), ईमेल, या वॉयस कॉल द्वारा स्वचालित अपडेट्स प्राप्त करने के लिए wheresmyballot.sos.ca.gov पर साइन अप करें।

आप यह पता लगाने के लिए कि क्या आपका मतदान गिना गया है, voterstatus.sos.ca.gov पर भी जा सकते हैं।

VOTE CALIFORNIA
SECRETARY OF STATE

2 जून, 2026, प्राथमिक चुनाव के बारे में अधिक जानकारी और मुख्य अंतिम तारीखों के बारे में जानने के लिए, vote.ca.gov पर जाएँ या हमारी मतदाता हॉटलाइन को (888) 345-2692 पर कॉल करें।

CALIFORNIA TRUSTED INFO
Hindi

02/2026 को अपडेट किया गया